पांच हजार रुपए का इनामी आरोपी जयदीप लोधा गिरफ्तार

▶ फरार अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा लगातार मजबूत

बदनावर। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बदनावर पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए पांच हजार रुपए के इनामी आरोपी जयदीप उर्फ जेडी लोधा पिता दिनेश लोधा, निवासी ग्राम घटगारा, को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरुद्ध थाना बदनावर में अपराध क्रमांक 581/25 के तहत धारा 109(1) एवं 3(5) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में प्रकरण दर्ज है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लंबे समय से फरार चल रहा था, जिस पर पुलिस अधीक्षक धार द्वारा पांच हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। मुखबिर से मिली सटीक सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई श्रीमान एसडीओपी के मार्गदर्शन में गठित विशेष टीम ने थाना प्रभारी अमित सिंह कुशवाह के नेतृत्व में अंजाम दीया। टीम में एसआई विजय मिश्रा, एएसआई संजय मिश्रा, प्रधान आरक्षक योगेश शर्मा तथा आरक्षक सचिन जाट, धर्मेंद्र सिंह और दीपक मेड़ा की सराहनीय भूमिका रही। बदनावर पुलिस की लगातार प्रभावी कार्रवाई से यह संदेश स्पष्ट हो रहा है कि अपराध करने वालों के लिए कानून से बच पाना आसान नहीं है। फरार आरोपियों के विरुद्ध जारी सख्त अभियान से आमजन में सुरक्षा की भावना और पुलिस के प्रति विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है।

प्लास्टिक मुक्त रैली का आयोजन

बदनावर । विद्यार्थियों द्वारा21 एमपी बी. एन. बटालियन रतलाम द्वारा दिए गए निर्देशानुसार एनसीसी ग्रुप के द्वारा पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक मुक्त देश, प्रदेश बनाने का आह्वान करते हुए आज बदनावर के प्रमुख मार्गो में रैली निकाली गई कैडेट्स के द्वारा बनाए गए कागज के बैग कपड़े की थैलियां जो उन्होंने स्वयं निर्मित की थी और आज दुकानदारों को वितरित की कई नागरिकों को भी वितरित करते हैं उनसे आह्वान किया कि आप प्लास्टिक का उपयोग कम से कम करें और नागार्य करें और उन्हें कपड़े की थैली कागज के बैग उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया । केयर टेकर ऑफिसर शुभम उपाध्याय के मार्गदर्शन में 12 जुलाई 2026 को पेपर बैग दिवस मनाया जाने के उपलक्ष में आज एक दिन पूर्व लोगों को प्लास्टिक बैग का उपयोग न करने, कागज या कपड़े के बैंग का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

बाग पुलिस ने दुष्कर्म के प्रकरण में किया दो आरोपियों को गिरफ्तार

बाग . 13 जुलाई को पीड़िता बाग का हाट बजार होने से बाग बाजार करने आई थी बाजार करने के बाद अपने घर पर अकेली पैदल पैदल जंगल के रास्ते से जा ही थी उसी दौरान अकेली महिला होने से आरोपीयो ने सुनसान जगह का फायदा उठाकर उसके साथ जंगल में उसके साथ सामुहिक रुप से दुष्कर्म की घटना की थी। जिसकी सूचना मिलने पर पुलिस थाना बाग द्वारा अपराध क्र.244/2026 धारा 64(2)(द्व),70(1),351(3),3(5) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया।

महिला संबंधी अपराध होने से पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं उचित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिसके पालन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर, एसडीओपी सुनील गुप्ता के मार्गदर्शन में दोनो आरोपियो को गिरफ्तार करने हेतु थाना प्रभारी बाग निरीक्षक हिरुसिह रावत के नेतृत्व में टीम गठीत कर आरोपी सुखराम पिता मानु मेहडा जाति भील उम्र 21 साल निवासी बाण्दा तथा भुचर पिता सुरसिह अनारे जाति भील उम्र 19 साल निवासी ढीलवानी को गिरफ्तार कर पुछताछ की गई जिन्होने सामुहिक रुप से दुष्कर्म की घटना घटित करना स्वीकार किया है। दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय कुक्षी पेश किया गया है । उक्त कार्यवाही में निरीक्षक हिरुसिह रावत, उनि प्रमिला जमरे,सउनि दशरथसिह चौहान, म.प्र. सुमित्रा बघेल, म.आर. फुलवंति, प्र.आर. कैलाश गेहलोत, भावसिंह रावत, आर. राजु चौहान, आर. दुर्गेश, आर. कलमसिह डुडवे, आर. लालसिह चौहान, आर. मुकेश का योगदान रहा है।

एक नजर में

डॉ .बीएमओ रावत ने समीक्षा बैठक ली

बाग – सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाग में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ नितिन श्रीवास्तव बीएमओ बाग की अध्यक्षता समस्त सब हेल्थ सेंटर मे पदस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई समीक्षा बैठक में निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गई। जिसमें – मातृत्व स्वास्थ कार्यक्रम अंतर्गत समस्त गर्भवती महिलाओं की न्यू अनमोल 2.0 पोर्टल पर शतप्रतिशत पंजीयन,शीघ्र पंजीयन, हाईरिस्क स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन, ।ड्ढवुष्/ ।ड्ढ4ष लाइफ जन्म के अनुसार आशा सॉफ्टवेयर में एंट्री .सिकल सेल पोर्टल पर आभा द्वस्न . एवं सभी गर्भवती महिलाओं की सिकल सेल जांच,धरती आभा ग्राम अंतर्गत पत्र हितग्राहियों के टारगेट अनुसार आयुष्मानकार्,स्वस्थ यकृत मिशन अंतर्गत स्क्रीनिंग एवं पॉजीटिव व्यक्तियो की लाइन लिस्ट समीक्षा दस्तक अभियान अंतर्गत(0 से 5)वर्ष तक के बच्चों का स्क्रीनिंग करना और ष्टस्स् टूल पर एंट्री कर एनीमिक बच्चों नजदीक स्वास्थ्य केंद्र पर रेफर करना ष्टष्टक्र/स्ष्टक्र अधिसूचना समीक्षाअक्र प्रोग्राम की समीक्षा एवं समस्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा की गई एवं सप्ताह के अंदर शत प्रतिशत कार्य में प्रगति लाने हेतु बीएमओ डॉ नितिन श्रीवास्तव द्वारा निर्देशित किए गए हैं...

सांदीपनि विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का शुभारंभ

नागदा, । सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नागदा में आज गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा का शुभारंभ श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत भावपूर्ण सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को आध्यात्मिक वातावरण प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवागत विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री गोपाल बामनिया रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में सांदीपनि विद्यालय, बदनावर के प्राचार्य श्री रियाजुद्दीन शेख तथा व्याख्याता श्री प्रदीप पांडे उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि श्री गोपाल बामनिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु केवल शिक्षा देने वाला नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला मार्गदर्शक होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन एवं संस्कारों को जीवन का आधार बनाने का आह्वान किया। प्राचार्य श्री रियाजुद्दीन शेख ने भारतीय गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास कर समाज और राष्ट्र के आदर्श नागरिक बनते हैं। व्याख्याता श्री प्रदीप पांडे ने विद्यार्थियों को गुरु के प्रति श्रद्धा, समर्पण एवं निरंतर अध्ययन के महत्व से अवगत कराया तथा सफलता के लिए गुरु के मार्गदर्शन का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने अतिथियों के प्रेरणादायी विचारों को गंभीरता से सुना तथा गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं सदैव उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत आगामी दिनों में विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।कार्यक्रम का सफल संचालन सचिन प्रजापति ने किया। उपप्राचार्य सरिता शर्मा ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उक्त जानकारी संस्था प्राचार्य धर्मेन्द्र जाट द्वारा प्रदान की गई।

कुक्षी पुलिस ने स्कूली बच्चों को किया जागरूक

कुक्षी । पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशन में चलाए जा रहे नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत कुक्षी पुलिस ने स्कूली बच्चों के बीच एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। धार पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विजय डावर के निर्देशन में थाना प्रभारी कुक्षी दीपक सिंह चौहान द्वारा यह पहल की गई। इसके तहत एलिजेंस एकेडमी कुक्षी के शिक्षकों और विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया गया।कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी और पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को नशे के गंभीर दुष्परिणामों की विस्तार से जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि इससे सामाजिक और आर्थिक रूप से भी भारी नुकसान उठाना पड़ता है।पुलिस अधिकारियों ने स्कूली बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं तो हर प्रकार के नशे से दूर रहें ही, साथ ही अपने परिवार, मित्रों और समाज के अन्य लोगों को भी इसके विरुद्ध जागरूक करें।नशामुक्त समाज के निर्माण में देश के नौनिहालों और युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है।इस जागरूकता कार्यक्रम में एलिजेंस एकेडमी के शिक्षक, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और कुक्षी थाना पुलिस का स्टाफ मौजूद रहा।

मारू कुमावत समाज का प्रदेश स्तरीय सम्मान समारोह संपन्न

▶ मध्यप्रदेश-राजस्थान के समाजजन एक मंच पर आए, शिक्षा, संगठन और जनभागीदारी पर दिया जोर

बदनावर । धार जिले के ग्राम कोद स्थित शिवशक्ति लोहा उद्योग परिसर में अखिल भारतीय मारू कुमावत समाज का प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मध्यप्रदेश और राजस्थान से बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. महेंद्र कुमावत उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र जांगड़े ने की। वरिष्ठ भाजपा नेता नानूराम कुमावत तथा धार जिला अध्यक्ष राधेश्याम मारू सहित अनेक पदाधिकारी मंचासीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. महेंद्र कुमावत ने समाज की एकजुटता को उसकी सबसे बड़ी शक्ति बताते हुए शिक्षा, प्रशासनिक सेवाओं और राजनीति में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने समाज के सक्षम परिवारों से एक प्रतिभाशाली बच्चे की शिक्षा का दायित्व उठाकर उसे आईएएस और आईपीएस जैसे उच्च पदों तक पहुंचाने का संकल्प लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में कुमावत समाज की अच्छी संख्या है, इसलिए संगठित होकर हर क्षेत्र में नेतृत्व स्थापित करने की आवश्यकता है। समारोह में अन्य अतिथियों ने भी समाज की प्रगति, संगठन और सामाजिक समरसता पर विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले समाजजनों का सम्मान किया गया।

गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा पर होंगे प्रेरक आयोजन

धार . मध्यप्रदेश शासन,लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार इस वर्ष गुरु पूर्णिमा पर विशेष आयोजन विद्यालयों में हो रहे हैं। इसके अंतर्गत 15 जुलाई से 29 जुलाई तक गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा मनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसमें प्रतिदिन गतिविधियां होगी श्रेष्ठ विद्यालयों का भ्रमण, भाषण प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, कैरियर मार्गदर्शन, खेलकूद गतिविधियां, योगाभ्यास ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिताएं प्रतिदिन किया जाना है। और 29 जुलाई को माननीय प्रभारी मंत्री महोदय या जनप्रतिनिधियों के आतिथित्य में इसका समापन होना है इसी क्रम में आज 15 जुलाई को सांदीपनि विद्यालय बदनावर में गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का शुभारंभ नवागत सहायक संचालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी गोपाल बामनिया ने मां सरस्वती की पूजन दीप प्रज्जवलनलन कर राष्ट्र गीत गान के बाद शुभारंभ किया। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा गुरु वंदना गुरु महिमा को प्रकट करता हुआ गुरु वंदना नृत्य गीत भी प्रस्तुत किया इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थी को संबोधित करते हुए आव्हान किया की गुरु ज्ञान या किताबी ज्ञान ही नहीं बताता वरन जीवन जीने की कला सिखाता है इसलिए गुरुजनों का और माता-पिता का सम्मान सदैव करें जीवन में सफलता पाना है तो लक्ष्य बनाकर के चलें अध्ययन को निरंतर रखें तभी आप सफलता की सीढ़ी चढ़ सकते हैं समारोह की अध्यक्षता संस्था प्राचार्य रियाजुद्दीन शेख ने की प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत पुष्पहार से संस्था प्राचार्य ,वैभव चौरडिया, जगदीश चंद्र सोलंकी लेखापाल ,नरेंद्र चौहान , प्रदीप पांडेय, अनीता राठौर, जितेंद्र रावल ने किया।

उमरबन सदर प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर-एसपी से की मुलाकात

मांडू । 13 जुलाई को मप्र वक्फ बोर्ड जिला अध्यक्ष जाकिर पटेल एवं पूर्व वक्फ बोर्ड सैक्ट्री असलम खान एडव्होकेट के नेतृत्व में व?? बोर्ड सुन्नी इंतेजामिया कमेटी उमरबन का नव-नियुक्त प्रतिनिधि मंडल धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना,धार एसपी सचिन शर्मा, धार डीएसपी आनंद सिंह तिवारी को गुलदस्ता भेट कर मुला?ात की और व?? बोर्ड कमेटी को लेकर चर्चा की,सनद रहे की उमरबन की व?? संपत्तिया जिसमें मस्जिद,मदरसा, दुकाने, ईदगाह, कब्रिस्तान,जमाआत खाना आदि के संचालन हेतु व?? बोर्ड भोपाल मै सदर,नायब सदर, खजांची आदी के पद विगत कई वर्षों से खाली पड़े थे,जिसकी भरपाई के लिए मप्र व?? बोर्ड अध्यक्ष डॉ.सनवर पटेल के निर्देशानुसार एवं जिला व?? बोर्ड अध्यक्ष जाकिर पटेल की अनुशंसा से व?? बोर्ड भोपाल द्वारा इंतेजामिया कमेटी जामा मस्जिद उमरबन के सदर पद हेतू मुश्ताक मोहम्मद शेख पत्रकार एवं नायब सदर भुरु मंसूरी आदी को नियुक्त कर कमेटी का गठन कर तत्काल प्रभावशील कर दिया गया है ! जो अब उक्त व?? सम्पत्तियों की देखभाल तथा समाज हित मे फैसले लेने मे सक्षम होंगे !

दसई में निशुल्क नेत्र शिविर संपन्न

सरदारपुर । बुधवार को शासकीय चिकित्सालय दसई में गीता वेलफेयर एवं हेल्थ फाउंडेशन, शंकरा आई फाउंडेशन इंदौर और परिवार फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से नि:शुल्क नेत्र एवं मोतियाबिंद पहचान शिविर का आयोजन शासकीय अस्पताल दसाई में किया गया।

शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुँचकर अपनी आँखों की जाँच करवाई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रदीप मालवीय एवं नेत्र चिकित्सा सहायक डॉ. श्रीमती प्रियंका साधु द्वारा शिविर में आए लोगों का परीक्षण कर उचित मार्गदर्शन दिया गया।

शिविर में लगभग 60 मरीजों ने अपनी आँखों की जाँच करवाई, जिसमें से 17 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। चिन्हित मरीजों को नि:शुल्क आपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोपण हेतु बस द्वारा शंकरा नेत्र चिकित्सालय इंदौर बस द्वारा भेजा गया।शासकीय अस्पताल की ओर से श्रीमती आशा जैन, मंजू चौहान, मोनिका नागपुरे, राजेंद्र चौहान, भारत ठाकुर, सूरज मेवाती, संजय मेवाती, आशा कार्यकर्ता यशोदा और अलका डोडिया ने मरीजों के लिए समुचित व्यवस्थाएं संभाली।गीता वेलफेयर एंड हेल्थ फाउंडेशन की ओर से महेश कुमार वर्मा, योगेंद्र तिवारी, नारायण पाटीदार, प्रवीण जैन, परिवार फाउंडेशन के सुनील चौहान, एवं शंकरा आई फाउंडेशन के लोकेश करोड़ीवाल, लाल सिंह जमरा, शंकरा मित्र मनीषा और ज्योति सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बहुत ही सराहनीय आयोजन रहा।

प्रदेश स्तरीय सामाजिक सम्मान समारोह संपन्न

▶ एक ही मंच पर मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के समाजजन

बदनावर – मध्य प्रदेश के धार ज़िले के ग्राम कोद में स्थित शिवशक्ति लोहा उद्योग परिसर में अखिल भारतीय मारू कुमावत समाज द्वारा सामाजिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजस्थान से ह्वक्ष्ट भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ महेन्द्र कुमावत, भाजपा के वरिष्ठ नेता नानू राम कुमावत, मारु कुमावत समाज के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र जांगड़े, धार जिला अध्यक्ष राधेश्याम मारु आदि के साथ मंचासीन थे कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर महेन्द्र कुमावत ने बताया कि सभी कहीं न कहीं राजस्थान से जुड़े हैं एक समय था जब समाज के लोगों ने कष्ट उठाए लेकिन आज समाज संपन्न हो चुका है समाज का बालक शिक्षा के क्षेत्र और प्रशासनिक क्षेत्र में मज़बूत हुआ है उन्होंने आगे कहा कि समाज का एक बच्चा गोद ले और उसको ढ्ढक्क्र-ढ्ढस् बनाएँ साथ ही राजनीतिक और प्रशासनिक क्षेत्र में हम प्रयास करें आगे उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में कुमावत समाज अधिक संख्या में रहते हैं शिक्षा, प्रशासनिक,और राजनीति में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ कोद में आज मारु कुमावत समाज ने अपनी एकजुटता और शक्ति का एक ऐतिहासिक परिचय दिया है कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया कार्यक्रम में समाज के प्रशासनिक,अधिकारियो ,डॉक्टरो ,वकीलों और पत्रकारों का सम्मान किया गया कार्यक्रम में मध्य प्रदेश और राजस्थान के सैकड़ो समाजजन शामिल हुए ।

बदनावर के जगदीश महावी बने मुख्य नगर पालिका अधिकारी

बदनावर। नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा सोमवार को जारी 61 निकाय अधिकारियों की पदोन्नति सूची में नगर परिषद बदनावर के सहायक ग्रेड-1 अधिकारी जगदीश महावी को मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) पद पर पदोन्नत किया गया है।

एक नजर में

▶ राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में नगर इकाई बदनावर द्वारा करियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन

साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जैसे महतत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया

बदनवार. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, नगर इकाई बदनावर द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में करियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्विभिन्न विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से करियर, व्यक्तित्व विकास एवं जीवन मूल्यों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।



कार्यक्रम का शुभारंभ माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री जी. सी. मिश्रा , विश्व रिकॉर्ड धारक श्री ओमप्रकाश टेलर, ष्ट अभिषेक जी रंका, ष्ठह्ल. चंचला पाटीदार ,स्ढ्ढ मनीष मिश्रा, प्रांत छात्रा प्रमुख रागिनी यादव, नगर मंत्री यश शर्मा उपस्थित रहे।

न्यायाधीश जी.सी. मिश्रा जी ने विद्यार्थियों को संविधान, न्याय व्यवस्था एवं नैतिक मूल्यों की जानकारी देते हुए कहा कि सफलता का आधार अनुशासन, ईमानदारी और निरंतर परिश्रम है।

विश्व रिकॉर्ड धारक श्री ओमप्रकाश टेलर जी ने अपने प्रेरणादायक जीवन अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

सीए अभिषेक रांका ने कॉमर्स, चार्टर्ड अकाउंटेंसी एवं वित्तीय क्षेत्र में उपलब्ध करियर अवसरों की विस्तृत जानकारी दी तथा विद्यार्थियों के प्रश्नों के उत्तर दिए।

डॉ. चंचला पाटीदार ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं व्यक्तित्व विकास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने का संदेश दिया।

अभाविप प्रांत छात्रा प्रमुख रागिनी यादव ने विद्यार्थियों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यों, छात्र नेतृत्व एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन केवल परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व निभाने का भी समय है।

एएसआई मनीष मिश्रा ने साइबर सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को जागरूक किया तथा कानून का पालन करने और जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों का परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। अंत मे नगर मंत्री यश जी शर्मा अतिथियों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सफल समापन हुआ।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, नगर इकाई बदनावर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को अत्यंत प्रेरणादायक एवं उपयोगी बताया।